रहेजा क्यूबीई जनरल इंश्योरैंस लेकर आया कोरोना कवच पॉलिसी

लुधियाना, (194/8): रहेजा क्यूबीई जनरल इंश्योरैंस (आरक्यूबीई) ने 'कोरोना कवच' पॉलिसी लॉन्च की है। क्षतिपूर्ति करने वाली यह हैल्थ पॉलिसी कोविड-19 के लिए उपचार हेतु अस्पताल में भर्ती कराए जाने के दौरान होने वाले चिकित्सा खर्चों पर सुरक्षा कवर उपलब्ध कराती है। इसका लाभ स्वयं, पति/पत्नी, माता-पिता, सास-ससुर और आश्रित बच्चों के लिए उठाया जा सकता है। कोरोना कवच पोलिसी द्वारा कोविड बीमारी से संबंधित अस्पताल में दाखिल किए जाने का खर्च, अस्पताल में दाखिल करने से पहले और बाद का कवरेज, घर में ही इलाज, एंबुलैंस और आयुष उपचार कवर उपलब्ध कराया जाता है। रहेजा क्यूबीई जनरल इंश्योरैंस के मैनेजिंग डायरैक्टर और सी.ई.ओ. पंकज अरोड़ा ने कहा ने कहा कि हमें भरोसा है कि यह पॉलिसी पॉलिसीधारकों को किफायती देखभाल उपलब्ध कराएगी।